कोटद्वार, गुरूवार
2 अक्टूबर 2025
वर्ष: 47
अंक: 145 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## सूचना

सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों को दैनिक जयन्त की ओर से विजयादशमी की हार्दिक शुभकमानायें इस अवसर पर 2 अक्टूबर 2025 को प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा। दैनिक जयन्त का अगला अंक 4 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

-सम्पादक

## एक नजर

### दो दिन से लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिला

रुद्रपुर। निकटवर्ती गांव सुंदरपुर में बुधवार को दो दिन से लापता एक युवक का शव नदी किनारे पेड़ से लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लोगों और परिजनों ने शव की पहचान की। परिजनों ने बताया कि सोमवार को घरेलू कलह के कारण कुंदन नगर निवासी 40 वर्षीय संजीव चावला पुत्र लालचंद्र कहीं चला गया था और तब से उसका कुछ पता नहीं था। बुधवार को निकटवर्ती गांव सुंदरपुर में नदी किनारे शीशम के एक पेड़ से उसका शव लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, युवक मेहनत–मजदूरी करता था और उसके घर में मां, पत्नी और दो बच्चे हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दिनेशपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारण की पुष्टि होगी।

### रुद्रपुर के प्रॉपर्टी डीलर से 50 लाख की साइबर ठगी

रुद्रपुर। शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के झांसे में आकर रुद्रपुर के प्रॉपर्टी डीलर ने करीब 50 लाख रुपये गंवा दिए। उसे एक फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जो कथित रूप से शेयर ट्रेडिंग की जानकारी देता था। तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाना पंतनगर ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अरुण कुमार निवासी एलाइंस कॉलोनी रुद्रपुर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई को उन्हें ह्यब्रह्मा माइंड्स नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप एडमिन सहान्वी जैन ने उन्हें कॉल कर शेयर ट्रेडिंग से जुड़ा एचएनडब्ल्यू प्रो डीमैट एप डाउनलोड करवाया और डीमैट खाता खोलने को कहा। इस खाते के साथ ईमेल पर सर्टिफिकेट भेजा गया और उसमें ईटी मनी का लोगो भी लगा था, जिससे उन्हें भरोसा हो गया। इसके बाद ग्रुप में उन्हें आईपीओ और ओटीसी शेयर खरीदने के निर्देश दिए गए। प्रारंभिक निवेश पर उनके खाते में 3.10 लाख रुपये का लाभ दिखाया गया, जिससे उन्हें बड़े लाभ का लालच दिया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

रुद्रपुर। थाना पुलभट्टा क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलभट्टा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार सुबह लगभग छह बजे पुलभट्टा पुलिस को सूचना मिली कि गौला नदी के रेलवे पुल पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव की पहचान 31 वर्षीय अजीत कुमार पुत्र नन्हे लाल निवासी विकास कॉलोनी वार्ड 16 किच्छा के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, अजीत ई–रिक्शा चलाता था। एएसआई प्रकाश चंद्र ने बताया कि संभवतः अजीत की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख की ठगी

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में सब्जी बेचने वाले एक व्यक्ति ने मेरठ के युवक पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। ज्वालापुर मेन रोड निवासी अफजाल ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह सब्जी बेचने का काम करता है।

# पुरुषों की तरह भारतीय महिला टीम भी नहीं मिलाएगी पाकिस्तान से हाथ

## पांच अक्तूबर को कोलंबो में टक्कर

नई दिल्ली। शिया कप के दौरान भारतीय पुरुष टीम द्वारा अपनाए गए रुख को देखते हुए अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाएगी। दोनों टीमों के बीच पांच अक्तूबर को कोलंबो में भिड़ंत होगी।

**नकवी से नहीं ली भारतीय टीम ने ट्रॉफी**

भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट क्रिकेट संबंध पहले ही निचले स्तर पर हैं और हालात और बिगड़ गए जब दुबई में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) प्रमुख मोहसिन नकवी ने सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को विजेता ट्रॉफी देने से इनकार कर दिया। एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता, लेकिन मुकाबले के बाद ट्रॉफी वितरण को लेकर जो विवाद खड़ा हुआ, उसने क्रिकेट प्रशासकों और फैंस दोनों के बीच गर्मी बढ़ा दी। इससे पाकिस्तान क्रिकेट टीम और मोहसिन नकवी की खूब किरकिरी हुई थी। मैच में भारत ने पहले ही फैसला कर लिया था कि वह ट्रॉफी नकवी के हाथ से नहीं लेंगे, जबकि नकवी बेशर्मी की हद पार करते हुए ट्रॉफी और मेडल अपने साथ ले गए और एशियन क्रिकेट काउंसिल के ऑफिस तक में भेज दिया। इस घटना ने पीसीबी की साख पर सवाल खड़ा कर दिया था।

महिला वनडे विश्व कप में भी लागू रहेगी नो हैंडशेक नीति

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को




बताया, 'बीसीसीआई सरकार की नीति के अनुरूप है। न तो टॉस पर कोई हैंडशेक होगा, न ही मैच रेफरी के साथ कोई फोटो सेशन और न ही मैच के अंत में खिलाड़ियों के बीच हाथ मिलाना। पुरुष टीम की तरह ही महिला टीम भी यही नीति अपनाएगी।'

**दोनों कप्तानों में नहीं होगी बातचीत**

कोलंबो में यह भी दिलचस्प होगा कि टॉस किसके द्वारा कराया जाएगा। उम्मीद है कि कोई पूर्व खिलाड़ी या तटस्थ देश का विशेषज्ञ इसकी जिम्मेदारी संभालेगा। यह माहौल 2022 वनडे विश्व कप (न्यूजीलैंड) से बिल्कुल अलग होगा, जब भारतीय खिलाड़ियों की पाकिस्तान कप्तान बिस्माह मारूफ की नन्ही बेटी संग तस्वीरें वायरल हुई थीं। इस बार, हरमनप्रीत कौर और पाकिस्तान कप्तान फातिमा सना के बीच औपचारिक शुभकामनाओं का आदान–प्रदान भी मुश्किल दिखता है।

## पिता की अस्थियां लेकर हरिद्वार जा रहे मां–बेटे समेत परिवार के 6 की मौत

मुजफ्फरनगर,उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार 7 लोगों में से 6 की मौके पर मौत हो गई। सभी एक ही परिवार के थे। मृतकों में 3 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। एक व्यक्ति घायल है। हादसा बुधवार तड़के 5:30 बजे पानीपत–खटीमा राजमार्ग पर तितावी इलाके में हुआ है। कार सवार परिवार हरियाणा का रहने वाला था। हरियाणा में करनाल के फरीदपुर में रहने वाले महेंद्र जुनेजा की 3 दिन पहले कैंसर से मौत हुई थी। उनका परिवार उनकी अस्थियों को हरिद्वार गंगा में विसर्जित करना चाहता था। जुनेजा की पत्नी, 2 बेटे, 2 बहनें, जीजा कार चालक के साथ बुधवार तड़के घर से निकले थे। तभी तितावी में कार ट्रक से भिड़ गई। मृतकों में पत्नी मोनिका (40), बेटा पीयूष (19), बहनें अंजू–मोहिनी, जीजा राजेंद्र और कार चालक शिवा शामिल हैं। एक बेटा हार्दिक घायल है। एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत के बाद फरीदपुर के जुनेजा परिवार में मातम पसर गया है। जुनेजा की 7 साल से पानीपत में सेनेटरी स्टोर की दुकान है।

# ईडी ने अनिल अंबानी से जुड़े छह ठिकानों पर की छापेमारी

मुंबई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत अनिल अंबानी की रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के खिलाफ चल रही जांच के सिलसिले में मुंबई और मध्य प्रदेश के इंदौर के पास महू में छह स्थानों पर छापे मारे. छापेमारी में पाथ इंडिया समूह का मुख्यालय और उस कंपनी के निदेशकों के आवास शामिल हैं. ये छापे अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनियों रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर से संबंधित हैं और विदेशों में अवैध धन प्रेषण के आरोपों पर आधारित हैं. रिलायंस समूह और पाथ इंडिया समूह के बीच विभिन्न निर्माण परियोजनाओं से जुड़े समझौते थे. जांच एजेंसियों को संदेह है कि रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने अवैध रूप से विदेश में धन भेजा. इसके अलावा, ईडी भी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत रिलायंस समूह की कंपनियों के खिलाफ 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋणों के डायवर्जन और



वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच कर रहा है. ईडी ने इस जांच में 39 बैंकों से पूछताछ की है और उनसे पूछा है कि संदिग्ध ऋणों और चूकों की अनदेखी के लिए उन्हें जिम्मेदार क्यों न ठहराया जाए. रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने सीएलई नामक एक कंपनी के माध्यम से अंतर–कॉर्पोरेट जमा (आईसीडी) के रूप में रिलायंस समूह की अन्य कंपनियों को अवैध रूप से धन हस्तांतरित किया. आरोप है कि शेयरधारकों और लेखा परीक्षा समिति की मंजूरी से बचने के लिए सीएलई को संबंधित पक्ष घोषित नहीं किया गया था.

इस मामले में सेबी की रिपोर्ट ने विवाद खड़ा कर दिया है, जिसमें सीएलई के जरिए हुए वित्तीय लेन–देन की जांच की गई है. इसके अलावा, अगस्त 2025 में ईडी ने बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया था. उन पर रिलायंस पावर को 68.2 करोड़ रुपये की फर्ज़ी बैंक गारंटी देने का आरोप है. अनिल अंबानी को भी लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है, जिससे उनके विदेश यात्रा पर रोक लगा दी गई है. रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने इस छापेमारी पर तुरंत स्पष्टीकरण जारी किया. कंपनी ने कहा कि यह कार्रवाई 2010 में जयपुर–रींगस हाईवे परियोजना से संबंधित है, जिसके लिए प्रकाश एस्फाल्टिंग एंड टोल हाईवेज को ईपीसी ठेका दिया गया था. यह पूरी तरह से घरेलू ठेका था और इसमें कोई विदेशी मुद्रा लेनदेन नहीं हुआ था.

# मुख्यमंत्री ने किया पिथौरागढ़-मुनस्यारी, हल्द्वानी-अल्मोड़ा हेली सेवाओं शुभारंभ

## सीएम धामी बोले राज्य के अन्य क्षेत्रों को भी हेली सेवाओं से जोड़ा जाएगा




### यह है हेली सेवाओं का समय

गौरतलब है कि पिथौरागढ़ –मुनस्यारी–पिथौरागढ़ एवं हल्द्वानी–अल्मोड़ा–हल्द्वानी के लिए हेलीकॉप्टर सेवा सप्ताह में 7 दिन तथा प्रत्येक दिन दो बार संचालित होगी। पिथौरागढ़ से मुनस्यारी के लिए यह हेली सेवा सुबह 10:30 बजे एवं दोपहर 1:50 बजे चलेगी। वहीं मुनस्यारी से पिथौरागढ़ के लिए यह सेवा सुबह 10:50 बजे एवं दोपहर 2:10 बजे चलेगी। हल्द्वानी से अल्मोड़ा के लिए हेली सेवा सुबह 11:50 बजे एवं दोपहर 3:10 बजे चलेगी। जबकि अल्मोड़ा से हल्द्वानी के लिए यह सेवा दोपहर 12:50 बजे एवं सायं 4:10 बजे चलेगी। इन हवाई सेवाओं का किराया 2500 है। यात्री ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं।

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान योजना) के अंतर्गत पिथौरागढ़-मुनस्यारी-पिथौरागढ़ एवं हल्द्वानी-अल्मोड़ा-हल्द्वानी हवाई सेवाओं का मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन हवाई सेवाओं के शुरू होने से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में आम नागरिकों का आवागमन सुगम होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्मोड़ा और मुनस्यारी उत्तराखंड के प्राचीन नगर होने के साथ ही ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर हैं। ये शहर प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक मंदिरों और समृद्ध संस्कृति के लिए देश और दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। हेली सेवा शुरू होने से अब पर्यटक अल्मोड़ा और मुनस्यारी तक और भी आसानी से पहुंच सकेंगे। इन सेवाओं से हल्द्वानी से अल्मोड़ा पहुंचने का समय 3 से 4 घंटे से घटकर महज कुछ मिनटों का रह जाएगा। हेली सेवाओं के प्रारंभ होने से दोनों क्षेत्रों में पर्यटन एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 18 हेलीपोर्ट्स से हेली सेवाओं के संचालन की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिनमें से अब तक 12 हेलीपोर्ट्स पर सेवाएं सफलता पूर्वक प्रारंभ की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवाओं से अब तक गौचर, जोशियाड़ा, हल्द्वानी, मुनस्यारी, मसूरी, पिथौरागढ़, पंतनगर, चंपावत, बागेश्वर, नैनीताल और अल्मोड़ा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी हेली सेवाओं से जोड़ा जाएगा।

## बकरे–बकरियों को ले जा रहे ट्रक में लगी भीषण आग, 100 से ज्यादा जिंदा जले

प्रयागराज, उतरांव थाना क्षेत्र में बलीपुर सब्जी मंडी के पास नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह बकरा–बकरियों से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई. अग्निकांड में एक 100 से अधिक बकरे–बकरियां जिंदा जल गईं, हालांकि घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मी और होमगार्ड की सूझबूझ से 200 से ज्यादा जानवरों की जान बचा ली गई. ट्रक जानवरों को लेकर कानपुर से कोलकाता जा रहा था. ट्रक चालक राजधनी (निवासी जौनपुर) के बताया कि वह कानपुर से लगभग 346 बकरे–बकरियां लाद लेकर कोलकाता जा रहा था. बलीपुर नेशनल हाईवे पर सब्जी मंडी के पास पहुंचने पर ट्रक के इंजन में अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग विकराल हो गई. चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई. इसी बीच मौके पर पहुंचे डायल 112 के पुलिसकर्मी गिरिजेश और होमगार्ड सुरेश कुमार कुशवाहा ने जान जोखिम में डालकर 200 से ज्यादा बकरों को बाहर निकाला.

# आरएसएस के 100 वर्ष पर मोदी बोले–आजादी के बाद संघ को कुचलने का प्रयास हुआ

नईदिल्ली,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में संघ को सेवा करने वाला एक बड़ा संगठन बताया। नई दिल्ली में स्थित डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूर्व में प्रतिबंध लगाने के प्रयास के बावजूद संगठन कभी भी कटु नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि संगठन समाज में अच्छे और बुरे दोनों को ही स्वीकार करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, राष्ट्र साधना की इस यात्रा में ऐसा नहीं है कि संघ पर हमले नहीं हुए, संघ के खिलाफ साजिशें नहीं हुईं...हमने देखा है कि कैसे आजादी के बाद संघ को कुचलने का प्रयास हुआ। उसे मुख्यधारा में आने से रोकने के लिए अनगिनत षड्यंत्र रचे गए। परमपूज्य गुरुजी (गोलवलकर) को झूठे केस में फंसाया गया, उन्हें जेल तक भेज दिया गया। मोदी ने आगे कहा कि इसके बावजूद कभी



गुरुजी के मन में रोष नहीं था। मोदी ने आगे कहा, गुरुजी के विचारों ने संघ के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इसीलिए चाहे संघ पर प्रतिबंध लगे, षड्यंत्र हुआ, झूठे मुकदमे हुए, लेकिन संघ के कार्यकर्ताओं ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया क्योंकि वे जानते हैं कि हम समाज से अलग नहीं है। समाज हम से ही बना है। जो अच्छा है वो हमारा है, जो अच्छा नहीं है वो भी हमारा है। संघ का संविधान पर अटूट विश्वास है, जो आपातकाल के समय दिखता है।

# पॉपलुर सिंगर जुबीन गर्ग डेथ केस में 2 बड़ी गिरफ्तारी

## –मैनेजर और ऑर्गेनाइजर को गिरफ्तार कर दिल्ली से गुवाहटी लाया गया

गुवाहटी, पॉपलुर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में दो बड़ी गिरफ्तारी हुई है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनईआईएफ) के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत और गायक जुबीन गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा को कामरूप मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. अधिकारी ने बताया कि दोनों को सिंगापुर में गायक की मौत के सिलसिले में गिरफ्तार कर दिल्ली से गुवाहाटी लाया गया.

महंत को सिंगापुर से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर गिरफ्तार किया गया, जबकि शर्मा को गुरुग्राम के एक अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया. अधिकारी ने बताया कि शर्मा का पता लगाया और यह बात सामने निकलकर आई कि वह दिल्ली और राजस्थान जा रहा था.



गुवाहाटी हवाई अड्डे पर उतरने के बाद, दोनों को कामरूप के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर ले जाया गया, क्योंकि दुर्गा पूजा के कारण अदालतें बंद थीं. अधिकारी के अनुसार, अदालत ने उन्हें 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया. दोनों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास से सीआईडी कार्यालय ले जाया गया. इस बीच, जुबीन की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग, जो दिवंगत गायक के तेरहवीं के अनुष्ठान के लिए जोरहाट में हैं, ने संवाददाताओं से कहा कि वह इस बात से संतुष्ट हैं कि दोनों को असम लाया गया है, क्योंकि 'हम सभी यह जानने का इंतजार कर रहे हैं कि उनके अंतिम क्षणों में उनके साथ क्या हुआ था'. गरिमा ने कहा कि उन्हें जांच टीम पर पूरा भरोसा है और उम्मीद है कि अब उन्हें जल्द ही पता चल जाएगा कि सिंगापुर में असल में क्या हुआ था. इससे पहले असम सरकार ने सिंगर की मौत की जांच के लिए विशेष पुलिस महानिदेशक एमपी गुप्ता के नेतृत्व में 10 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पहले कहा था कि महंत और शर्मा के खिलाफ इंटरपोल के माध्यम से एक 'लुकआउट नोटिस' जारी किया गया है, जिसमें उन्हें 6 अक्टूबर तक सीआईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है. शुरुआती रिपोर्ट्स में सिंगर की मौत की वजह समुद्र में डूबने से बताई जा रही है. बीती 19 सितंबर को जुबीन गर्ग की सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग करने गए थे. सिंगर सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में बतौर ब्रांड एंबेसडर शिरकत करने पहुंचे थे और इवेंट से एक दिन पहले ही उनकी मौत हो गई थी.

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत अचानक बिगड़ी, बेंगलुरु के अस्पताल में भर्ती

नईदिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे (83) की तबीयत अचानक खराब हो गई है। उनको कर्नाटक में बेंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे को मंगलवार रात को बुखार और पैरों में दर्द की समस्या हुई थी, जिसके बाद उन्हें एमएस रमैया अस्पताल लाया गया था। यहां चिकित्सकों ने उनको कुछ जांचों के लिए भर्ती कर लिया है। उनकी स्थिति ठीक है। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। कांग्रेस के एक नेता ने मीडिया को बताया कि चिंता की कोई बात नहीं, खड़गे पूरी तरह ठीक हैं और डॉक्टर की निगरानी में हैं। बता दें कि पिछले साल खड़गे को जम्मू–कश्मीर में कटुआ की रैली को संबोधित करते समय चक्कर आ गा था। तब उन्होंने अपने समर्थकों से कहा था कि वह ठीक हैं और उनकी मृत्यु जल्दी नहीं होगी। खड़गे ने रैली में कहा था, जब तक हम (नरेंद्र) मोदी को नहीं हटा देते, मैं जीवित रहूंगा। खड़गे को 7 अक्टूबर को नागालैंड के कोहिमा जाना है, जहां वे नागा सॉलिडैरिटी पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे। सुरक्षित लोकतंत्र, सुरक्षित धर्मनिरपेक्षता और सुरक्षित नागालैंड विषय पर आयोजित कार्यक्रम में युवा रोजगार और सड़क संपर्क जैसे जरूरी समस्याओं पर चर्चा होगी।

# दशहरे पर शहर में वाहनों की नो एंट्री

हल्द्वानी। दशहरा पर्व को लेकर पुलिस ने यातायात और पार्किंग प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था गुरुवार दोपहर 2 बजे से दशहरा कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगी। शहर क्षेत्र में सभी छोटे–बड़े वाहनों का आवागमन कार्यक्रम समाप्ति तक प्रतिबंधित रहेगा। बरेली रोड पर हांडा तिराहा, रामपुर रोड पर आईटीआई तिराहा, कालाढूंगी रोड पर अल्मोड़ा अर्बन बैंक तिराहा और नैनीताल रोड पर नैनीताल को–ऑपरेटिव बैंक तिराहे से वाहनों को शहर की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। रोडवेज सहित अन्य बसों का डायवर्जन रामपुर रोड से आने वाली सभी बसें टीपीनगर तिराहे से डायवर्ट होकर होंडा शोरूम तिराहे तक पहुंचेंगी। तीनपानी तिराहे से गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहा काठगोदाम, तिकोनिया और नैनीताल बैंक तिराहे से रोडवेज पहुंचेंगी। बरेली रोड से आने वाली बसें तीनपानी से मंडी, होंडा शोरूम तिराहे तक आएंगी या फिर




तीनपानी तिराहे से गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहे के रास्ते रोडवेज स्टेशन पहुंचेंगी। कालाढूंगी रोड से आने वाली बसें लामाचौड़ तिराहे से ऊंचापुल, लालडांठ तिराहे से पनचक्की, हाईडिल तिराहे से तिकोनिया, नैनीताल बैंक तिराहे से रोडवेज तक पहुंचेंगी। रोडवेज स्टेशन से बरेली और रामपुर रोड को जाने वाली बसें रोडवेज पूर्वी गेट से तिकोनिया, नरीमन तिराहा, गौला बाईपास से तीनपानी होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगी। छोटे वाहनों का डायवर्जन बरेली रोड से आने वाले और पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहे से गौला बाईपास, नरीमन तिराहे को जाएंगे। रामपुर रोड से आने वाले वाहन आईटीआई तिराहे से मुखानी, पनचक्की, हाइडिल, कॉलटैक्स तिराहे से नारीमन तिराहे से जाएंगे। कालाढूंगी रोड से आने वाले छोटे वाहन ऊंचापुल या लालडांठ तिराहे से पनचक्की, हाईडिल/कॉलटैक्स तिराहे से नरीमन तिराहे के रास्ते अपने गंतव्य को जाएंगे। पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले वाहन बरेली और रामपुर रोड की ओर जाने के लिए नरीमन तिराहे से गौला बाईपास, तीनपानी का रास्ता लेंगे। नैनीताल रोड से शहर की ओर आने वाले छोटे वाहन महारानी होटल तिराहे से डायवर्ट होकर कुल्यालपुरा और पानी की टंकी तिराहे से जाएंगे। नैनीताल बैंक तिराहे से अल्मोड़ा अर्बन बैंक और जेल रोड तिराहे के रास्ते वाहनों को निकाला जाएगा।

# भारत के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के लिए 7 कंपनियों ने लगाई बोली

नईदिल्ली,भारत में बनने वाले 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान यानी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। 7 भारतीय कंपनियों ने इसके प्रोटोटाइप डिजाइन और विकसित करने के लिए बोली लगाई है।

अब इनमें से 2 कंपनियों का चयन किया जाएगा, जो रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर लड़ाकू विमानों पर काम करेगी। सबकुछ ठीक रहा तो 2035 के आसपास भारत को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान मिल सकता है।

जिन कंपनियों ने बोली लगाई हैं, उनमें लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड, कल्याणी स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स



और अडाणी डिफेंस शामिल हैं। अब ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व प्रमुख ए शिवथानु पिल्लई के नेतृत्व वाली एक समिति इन बोलियों का मूल्यांकन करेगी और रक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी। फिर 2 कंपनियों को चुना जाएगा, जिन्हें एएमसीए के 5 मॉडल बनाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। एएमसीए 2 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली निर्माण परियोजना है, जिसके तहत 125 से ज्यादा लड़ाकू विमानों का उत्पादन किया जाना है। डीआरडीओ के अंतर्गत आने वाली एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) इस परियोजना की नोडल एजेंसी है। अप्रैल, 2024 में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी विमानों के डिजाइन और विकास के लिए 15,000 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी थी। जून में केंद्र सरकार ने एएमसीए के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी दी थी। एएमसीए भारत का 5वीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट है, जिसे स्वदेशी तकनीक से विकसित किया जा रहा है। 2 इंजन वाला ये विमान हर मौसम में 65,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम होगा। स्टील्थ तकनीक की वजह से ये रडार को भी चकमा दे सकेगा। 25 टन वजनी ये विमान अपने साथ 7,000 किलोग्राम वजन लेकर उड़ सकेगा। आधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस इस विमान की रेंज 3,200 किलोमीटर के आसपास होगी।

## तिरुवन्नामलाई में 2 पुलिसकर्मियों पर 19 वर्षीय किशोरी से रेप का आरोप, निलंबित और गिरफ्तार

चेन्नई, तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई शहर में 2 पुलिसकर्मियों पर 19 वर्षीय किशोरी से रेप का आरोप लगा है। दोनों को सेवा से निलंबित कर दिया गया है। तिरुवन्नामलाई पुलिस ने बताया कि आरोपी सुंदर ग्रेड–1 और सुरेश राज ग्रेड–2 कांस्टेबल हैं। दोनों को जेल भेज दिया गया है। पीड़िता आंध्र प्रदेश की रहने वाली हैं और अपनी मां के साथ अरुणाचलेश्वर मंदिर की यात्रा पर आई थीं। मामले की जांच चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों महिलाएं फलों से लदे वाहन पर सवार होकर चित्तूर से आई थीं और मंदिर से दर्शन करके बाईपास रोड से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे तिरुवन्नामलाई शहर के बाहरी इलाके में एंडल गांव के चौराहे पर पहुंचे 2 कांस्टेबलों ने नियमित वाहन जांच के लिए उनके वाहन को रोक लिया। उन्होंने महिलाओं को नीचे उतरने को कहा। आरोप है इस दौरान उन्होंने महिलाओं की पिटाई की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों कांस्टेबलों ने कथित तौर पर पीड़िता की पिटाई की और उसे घसीटकर सड़क से दूर पास की सुनसान झाड़ी में ले गए और सामूहिक रेप किया।

## त्योहारी सीजन में देहरादून पुलिस अलर्ट, ठेकों के बाहर हुड़दंग मचाने वालों पर रहेगी पैनी नजर

देहरादून। त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़–भाड़ को नियंत्रित करने के लिए देहरादून पुलिस ने व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की है। इस योजना का उद्देश्य है कि लोग बिना किसी चिंता के बाजारों में खरीदारी कर सकें। पुलिस इस दौरान लगातार अलर्ट मोड में रहेगी और शराब ठेकों के बाहर हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बुधवार शाम को एसएसपी अजय सिंह ने महोत्सव स्थल परेड



ग्राउंड, शहर के पार्किंग स्थलों और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि महोत्सव में आने वाले विशिष्ट अतिथियों और आम जनता की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। एसएसपी ने कहा कि अतिथियों और आमजन के वाहनों को पूर्व निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क किया जाए। परेड ग्राउंड के आसपास किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। महोत्सव स्थल पर बैरिकेडिंग के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। महोत्सव के दौरान पुतला दहन के बाद बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलने का प्रयास करते हैं, जिससे भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि रजत उत्सव

समस्त प्रदेशवासियों को
विजयादशमी
की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ

प्रिय प्रदेशवासियों,

आप सभी को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।

यह पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें एक श्रेष्ठ समाज और महान राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देता है। आपके मुख्य सेवक के रूप में जनता की सेवा ही मेरे लिए प्रभु श्रीराम की सेवा है और उत्तराखण्ड का विकास ही मेरे लिए राम काज है।

आइए, आज के पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे।



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## इग्नू के जुलाई सत्र में प्रवेश की तिथि 15 अक्तूबर तक बढ़ाई

इंनैनीताल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र में नए प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की तिथि 15 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि जो शिक्षार्थी अभी भी प्रवेश से वंचित हैं, वे इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश की पुष्टि के बाद योग्य छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर भारत सरकार की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के समय शिक्षार्थी अपना ही ईमेल और मोबाइल नंबर प्रदान करें, ताकि इग्नू की ओर से भेजी जाने वाली महत्वपूर्ण सूचनाएं सीधे शिक्षार्थियों तक पहुंचे।

## एक अरब से होगा ज्योलीकोट–क्वारब हाईवे का काम

नैनीताल। एक कार्यक्रम में बुधवार को भवाली पहुंचे सांसद अजय भट्ट ने कहा कि ज्योलीकोट से क्वारब पुल तक हाईवे के लिए केंद्र से एक अरब रुपये स्वीकृत हुए हैं। इस मार्ग पर सभी छोटे–बड़े पुलों का निर्माण जल्द कराया जाएगा। सांसद ने कहा कि ज्योलीकोट से नैनीताल तक की सड़क के लिए 710 करोड़ रुपये स्वीकृत कराए हैं। टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। जल्द काम शुरू किया जाएगा। कहा कि जल जीवन मिशन कार्यों में शिकायत मिली है, निरीक्षण करने को अधिकारियों से कहा है। मानसखंड परियोजना के तहत तेजी से कैंची बाईपास का भी काम किया जा रहा है। सरकार बाईपास को लेकर चिंतित है, आधा कार्य हो गया है जल्द पूरा बाईपास तैयार हो जाएगा। वहीं, पेपर लीक मामले में कहा कि सीएम ने मामले में सीबीआई जांच करने को कहा है। युवा देश का भविष्य हैं। पेपर लीक मामले में जो संलिप्त है, उन्हें सजा जरूर मिलेगी।

## हिंदू शेरनी चाहत और गोल्ड मेडलिस्ट मुस्कान का सम्मान

ऋषिकेश। राष्ट्रीय हिंदू संगठन ने बुधवार को 13वां स्थापना धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए रंग जमाया। इस दौरान कई फिल्मों में अभिनय कर चुकी चाहत सिंह राजावत और गोल्ड मेडलिस्ट मुस्कान जीनवाल को सम्मानित किया गया। दुर्गा मंदिर परिसर आईपीएल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के महंत रघुवीर गिरी महाराज, पूर्व मेयर अनीता ममगाईं ने किया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, स्वामी कृष्णानंद महाराज, राजेश्वर शर्मा, सुभाष सैनी, विजय सिंह बिष्ट, राष्ट्रीय हिंदू संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद फोदानी, कांत भट्ट, प्रमोद गर्ग, जगदीश सिंह भंडारी, अविनाश सेमेल्टी, नरेंद्र शर्मा, मोहन प्रसाद भट्ट, दिनेश पाल, नंदराम, संजय सिंह बिष्ट, ममता नेगी, प्रमिला त्रिवेदी, पुनीता भंडारी, विनीता बिष्ट, शशि राणा, ऋषभ गौड़, वायुराज, विनोद नाथ, मुस्कान आदि उपस्थित रहे।

## बुजुर्गों को उनके लिए चल रही योजनाओं की जानकारी दी

ऋषिकेश। मेरा युवा भारत कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को केशवपुरी राजीवनगर में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। बुजुर्गों को सरकार की ओर से उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक आसिफ हसन और सभासद अमित कुमार ने बुजुर्गों के साथ केक काटा। सभासद अमित कुमार ने कहा कि बुजुर्गों को सम्मान बेहद जरूरी है। कुछ लोग अपने माता–पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ देते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक आसिफ हसन ने कहा कि बुजुर्गों से बच्चों जैसा प्यार करना चाहिए। उनके साथ बातें करनी चाहिए। उन्होंने बुजुर्गों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं जैसे वृद्ध पेंशन, रोडवेज की बसों में नि:शुल्क आवागमन आदि के बारे में भी बताया गया। मौके पर अधिवक्ता शाहदाब हसन आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य विभाग ने 19 सैंपल लिए

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : खाद्य विभाग ने पौड़ी मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर खाद्य पदार्थों के 19 सैंपल लिए। इसके साथ ही औद्यानिकी एवं वानिकी विश्विद्यालय भरसार, नर्सिंग कॉलेज डोभ श्रीकोट और इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी में संचालित मैसों में भी सैंपल लिए है। खाद्य निरीक्षक पौड़ी रचना लाल ने बताया कि डीएम के निर्देश पर विभिन्न प्रतिष्ठानों में जाकर मसाले, तेल, मिठाई आदि के 19 सैंपल लिए गए है। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। त्योहारी सीजन को देखते हुए यह अभियान पूरे महीने संचालित किया जाएगा।

### क्रॉस कंट्री में कार्तिक, वैभवी, आयुष, अनुष्का ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत कंडोलिया मैदान से क्रॉस कंट्री व हॉफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रॉस कंट्री दौड़ में 85 बालक-बालिकाओं और ओपन हॉफ मैराथन (21 किमी.) में 22 धावकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में धावकों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक राजकुमार पोरी ने किया। उन्होंने क्रॉस कंट्री दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में कार्तिक प्रथम, अंकित कुकरेती द्वितीय और अमन बिष्ट तृतीय स्थान पर रहे, बालिका वर्ग में वैभवी मंमगाई प्रथम, अदिति द्वितीय और नेहा पोखरियाल तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-17 के बालक वर्ग में आयुष कुमार प्रथम, अनिश नेगी द्वितीय व सन्नी तृतीय रहे। बालिका वर्ग में अनुष्का ने पहला, नंदनी ने दूसरा व पावनी ने तीसरा स्थान पाया। ओपन हॉफ मैराथन के बालक वर्ग में नकुल पहले, मोहित दूसरे, शिवम तीसरे, बालिका वर्ग में शीतल पहले, काजल दूसरे व दीपिका तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जयबीर रावत, सचिव जिला बैडमिंटन एसोसिएशन राजेंद्र सिंह बंगारी आदि मौजूद रहे।

### छात्रों को बताया विजय दशमी का महत्व

श्रीनगर गढ़वाल : सरस्वती विद्या मंदिर श्रीनगर में बुधवार को दुर्गा पूजन एवं विजयदशमी का कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस दौरान छात्राओं ने दुर्गा स्वरूप नौ रूपों में सभी को आशीर्वाद देकर आकर्षित किया। वहीं राम लक्ष्मण व हनुमान के रूप में छात्रों ने सभी का मनमोहा। स्कूली बच्चों ने माता आदि शक्ति जगदम्बा के सुंदर गीत व भजनों की प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश मैठाणी ने शारदीय नवरात्रों, नव दुर्गाओं और विजयदशमी के महत्व को छात्र-छात्राओं को बताया। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकायें व अभिभावक मौजूद रहे। (एजेंसी)

### डेढ़ लाख की स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल। कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने 5.17 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पकड़ी गई स्मैक की कीमत 1.55 लाख बताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि कीर्तिनगर पुल के समीप चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने स्कूटी सवार युवक को रोका। बताया कि शक होने पर युवक की तलाशी ली गई तो युवक से 5.17 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुआ, जिसकी क़ीमत एक लाख पचपन हजार करीब है, जबकि स्कूटी को भी सीज किया गया है। बताया कि गिरफ्तार 30 वर्षीय पंकज रावत श्रीनगर के उफल्डा क्षेत्र का रहने वाला है। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह स्मैक को रामपुर उत्तर प्रदेश से लाकर श्रीनगर में सप्लाई करने वाला था। कहा युवक के आपराधिक इतिहास की जांच करने के साथ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि नशे के विरुद्ध लगातार नगर क्षेत्र में जागरूकता व चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।

### शराबी वाहन चालकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाते हुये श्रीनगर पुलिस ने दो वाहनों को सीज कर चालकों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले अनिल नेगी पुत्र मोहन सिंह नेगी निवासी दिवालीखाल भराड़ीसैण थाना गैरसैण चमोली और संदीप भट्ट पुत्र गंगा प्रसाद भट्ट निवासी जखोली रुद्रप्रयाग को गिरफ्तार कर दोनों वाहन सीज किये गए हैं।

# त्योहार सीजन में गुलजार बाजार, व्यापारियों के खिले चेहरे



कोटद्वार बाजार में घर के लिए जरूरी सामान की खरीददारी के लिए बाजार पहुंचे लोग

## शादी व त्योहार सीजन में गुलजार होने लगा कोटद्वार बाजार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पिछले कई माह से मंदा पड़ा कोटद्वार बाजार त्योहार व शादी सीजन में गुलजार होने लगा है। सुबह से ही ग्राहक खरीददारी के लिए दुकानों में पहुंच रहे हैं। अचानक गुलजार हुए बाजार की रौनक देख व्यापारियों के भी चेहरे खिल उठे हैं। जीएसटी की दरें कम होने से भी ग्राहकों को काफी लाभ हो रहा है। ऐसे में सबसे अधिक फायदा शादी की खरीददारी करने वाले ग्राहकों को मिल रहा है। दुकानों में ग्राहकों के लिए सामान पर विशेष आफर भी दिए जा रहे हैं।

पितृपक्ष व उससे पूर्व वर्षाकाल के कारण कोटद्वार शहर का बाजार मंदा चल रहा था। लेकिन, नवरात्र के बाद से त्योहार व शादी का सीजन शुरु होते ही बाजार में खरीददारों की भीड़ उमड़ने लगी है। शादी के लिए लोग कपड़े, बर्तन, राशन सहित अन्य महत्वपूर्ण सामान खरीद रहे हैं। जीएसटी की दरों में कटौती के बाद कोटद्वार बाजार में कुछ सामान पर दाम कम हो गए हैं। लेकिन, कई व्यापारी अब भी सामान को पुराने दामों पर ही बेच रहे हैं। ऐसे में ग्राहक पूरी जागरूकता के साथ ही खरीददारी कर रहे हैं।

व्यापारियों की माने तो 22 सितंबर के बाद पुरानी दरों के मुताबिक जीएसटी रिफंड नहीं मिलने की वजह से कई सामान के दाम कम नहीं हो पा रहे हैं।

### आनलाइन खरीददारी का भी असर

व्यापारियों की माने तो पूर्व में शादी व त्योहार सीजन में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी रहती थी। ग्राहकों को सामान दिखाने के लिए दुकानों में दो से तीन कर्मचारी रखने पड़ते थे। लेकिन, पिछले दो वर्षों से शहर में आनलाइन खरीददारी का चलन बढ़ा है। जिसके कारण अब पूर्व की तरह अधिक भीड़ नहीं दिखाई दे रही। हालांकि पिछले दो माह से मंद पड़े बाजार के लिए वर्तमान की भीड़ भी संजीवनी बनी है।

## हाईस्कूल व इंटर में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि ।

कोटद्वार: वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अंरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित किया गया था।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसजीआरआर पैरामेडिकल कॉलेज कोटद्वार के प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल ने किया। कहा कि हमें समाज के हित में अपना योगदान देना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। तत्पश्चात एसएन नौटियाल, गब्बर सिंह रावत, एनके शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, एसपी थपलियाल, कालिका प्रसाद नैथानी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले अमित डोबरियाल, बाबी कुमार, अक्षिता गौड़, राखी, ज्योत्सना, रागिनी अग्रवाल को नकद धनराशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अजयपाल सिंह रावत, पीएल खंतवाल, रिपुदमन सिंह बिष्ट, महेंद्र कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज में हुए 500 से अधिक प्रवेश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी में इस बार पांच सौ से अधिक प्रवेश हो गए है। जिसमें बीटेक प्रथम, बीटेक लेटरल एंट्री, एमसीए और एमटेक प्रथम वर्ष के छात्र शामिल हैं। बीतें शिक्षा सत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज में 420 प्रवेश विभिन्न सीटों के लिए हुए थे। कॉलेज के निदेशक डॉ. विजय कुमार बंगा के मुताबिक आने वाले सत्र में संस्थान इमेंजिंग टैक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए पाठ्यक्रम शुरू करने की भी योजना बना रहा है। ताकि युवा तकनीकी शिक्षा लेकर अपने सफल रोजगार पाकर भविष्य बना सके। इंजीनियरिंग की कुल 8 स्ट्रीम इस सत्र में 510 दाखिले हुए हैं। जिसमें बीटेक प्रथम वर्ष में 410 सीटें भरी गईं, जिनमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस (आर्टिफिशल इंटेलिजेंस) में 63-63, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में 62, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 58, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 55, सिविल इंजीनियरिंग में 50, बायोटेक्नोलॉजी में 39 और मैकेनिकल (एमएफ) में 20 छात्रों ने प्रवेश लिया। एम.टेक में कुल 14 छात्रों का चयन हुआ, जिनमें सीएसई में 6, बायोटेक्नोलॉजी में 3, पावर सिस्टम और प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में 2-2 तथा जियो टेक्नोलॉजी में 1 छात्र शामिल है। एमसीए में 20 छात्रों ने प्रवेश पाया, जबकि लेटरल एंट्री से 66 छात्रों का चयन हुआ, जिनमें सिविल इंजीनियरिंग में 17, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 13-13, सीएसई और सीएसई (एआईएमएल) में 8-8, ईसीई में 5 तथा मैकेनिकल (एमएफ) और बायोटेक्नोलॉजी में 1-1 छात्र शामिल हैं। सभी संकायाध्यक्षों और डीन के साथ एक बैठक में निदेशक ने इस पर विस्तार से चर्चा भी की।

# विद्यार्थियों ने किया पथ संचलन



कोटद्वार क्षेत्र में पथ संचलन करते संघ स्वयं सेवक

जयन्त प्रतिनिधि : कोटद्वार : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सुदर्शन उपनगर इकाई की ओर से शहर में पथ संचलन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को संघ के कार्यों की भी जानकारी दी गई।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता ऋतुराज ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, जो पिछले सौ वर्षों से अपनी यात्रा के कई व्यवधानों के बाद भी अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मुख्य लक्ष्य भारत को परम वैभव तक पहुंचाना है। इसके लिए स्वयं सेवक लगातार कार्य कर रहे हैं। कहा कि जिस प्रकार से भगवान श्रीराम ने 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर असत्य पर सत्य की जीत हासिल कर हिंदुत्व का दीप प्रज्वलित किया था, उसी प्रकार से वर्तमान में भी संघ की धारा की किरण के माध्यम से स्वयं सेवक समाज में प्रत्येक वर्ग में कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के उपरांत स्वयं सेवकों ने जानकी नगर से होते हुए देवी रोड पर पथ संचलन किया। कांता प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नगर प्रचारक गौरव, नगर कार्यवाह प्रशांत कुकरेती, सुदर्शन उपनगर कार्यवाह विजेंद्र मैंदोला, रोहित बलोदी, प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल मौजूद रहे।

# लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर वाहनों का संचालन शुरु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बरसात के मौसम में बंद पड़े लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरु हो गई है। मार्ग पर वाहनों की आवाजाही से लालढांग व कोटद्वार के मध्य आवागमन करने वालों को राहत मिली। 11 किमी. लंबा लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का अधिकांश भाग वन क्षेत्र से होकर गुजरता है। यह मार्ग राज्य की सीमा के अंदर कोटद्वार से हरिद्वार को सड़क संपर्क से जोड़ने वाला भी एक मात्र संपर्क मार्ग है। इसी मार्ग से लैंसडौन वन प्रभाग के मुख्यालय से लालढांग रेंज कार्यालय व वन क्षेत्र में वन कर्मियों और अधिकारियों का आवागमन होता है। वर्षाकाल में सिगड्डी स्रोत व मैलीस्रोत नदियां उफान पर रहीं, जिससे पूरे दो महीने आवागमन बाधित रहा। सड़क की हालत खराब होने से इस मार्ग पर लैंसडौन वन प्रभाग के कर्मचारी और अधिकारी भी वाहनों से पेट्रोलिंग नहीं कर पा रहे थे। वन विभाग के साथ ही क्षेत्रीय जन ने मार्ग को पेट्रोलिंग के लिए दुरुस्त किया तो इस पर अन्य वाहनों की भी आवाजाही शुरु हो गई। मार्ग खुलने से रोजमर्रा के काम के लिए कोटद्वार-लालढांग आने वाले लोगों को काफी राहत मिली है। वहीं, मार्ग से जीएमओयू की बसों का संचालन होने से भी यात्रियों को काफी राहत मिली है। अब बसों को उत्तर प्रदेश से होते हुए हरिद्वार नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही भाबर की ओर बसों का संचालन होने से जशोधरपुर फैक्ट्रियों में काम करने वालों को भी राहत मिली।



लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग

# वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के योगदान को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की पुण्य तिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि समाज हित में दिए गए वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

बुधवार को मालवीय उद्यान स्थिति कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के देश भक्ति के जज्बे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में नए उत्साह का सृजन किया, जो आज भी इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बिनोद डबराल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री रंजना रावत, बलबीर सिंह रावत, गोपाल सिंह गुसाईं, दलीप सिंह रावत, प्रेम सिंह पयाल, विनोद रावत, नरेंद्र सिंह नेगी, चन्द्र मोहन रावत, मनोज बिष्ट, शैलेंद्र सिंह, प्रवेश रावत, शीला भारती, लक्ष्मी चौहान, विमलेश नेगी, ज्योति, प्रदीप नेगी, महावीरे नेगी आदि मौजूद रहे।





कार्यक्रम में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

## चित्रा गार्डन में किया पौध रोपण

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बुधवार को वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान चित्रा गार्डन फेस-2 पर उच्च शिखीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रेक) के सहयोग से विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के दिशा निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता, पौधारोपण, क्विज प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि चित्रा गार्डन में स्वच्छ हरित कार्यक्रम के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानीय प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

# नवमी पर ज्वाल्पा धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : ज्वाल्पा धाम स्थित ज्वालपा देवी मंदिर में सुबह से ही नवमी के दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए और हरियाली का विसर्जन किया। इस दौरान मां भगवती को 700 आहूतियां दी गई व 400 अन्य आहूतियां दी गई। कुल 1100 आहुतियां के साथ शारदीय नवरात्रों का समापन हुआ।

बुधवार को मंदिर में पूर्ण आहूति में पूजा समिति व मंदिर समिति के अलावा प्रवासी लोगों भी यज्ञ में सम्मिलित हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां ज्वालपा के प्रांगण में भजन व कीर्तन किए। जिससे पूरा मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजयमान रहा। इस दौरान कन्याओं का भी विशेष पूजन किया गया। इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र अणथ्वाल, प्रबंधक संजय अणथ्वाल, कोषाध्यक्ष रोहित, मंदिर समिति के अध्यक्ष शांति प्रसाद थपलियाल, सचिव उमेश नौड़ियाल, व्यवस्थापक मुकुल थपलियाल, आचार्य भास्करानंद ममगांई, पवन नौडियाल, अरविंद अंथवाल आदि मौजूद रहे।

### 11 पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने कलियासौड़ में वाहन चैकिंग के दौरान एक वाहन से 11 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया है। चौकी प्रभारी कलियासौड़ विजय शैलानी ने बताया कि कलियासौड़ में बुधवार सुबह 5 बजे चैकिंग के दौरान 25 वर्षीय विजय सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम खैनोली थाना थराली जनपद चमोली को गिरफ्तार किया गया है। (एजेंसी)

# धूमधाम से मनाया दुर्गानवमी का पर्व



ऋषिकेश। तीर्थनगरी में बुधवार को दुर्गा नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर मां सिद्धिदात्री की अराधना की। इसके बाद अपने घरों में कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें भोजन कराया और उपहार देकर आशीर्वाद लिया। नवरात्र में देवी पूजन को लेकर भक्तों का उत्साह देखते ही बना। बुधवार को शारदीय नवरात्र के नवें दिन सभी मंदिरों में मां दुर्गा के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना में श्रद्धालु पूरी तरह से लीन रहे। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में नवमी पर जगह–जगह कन्याओं का पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पैर धोकर उनके माथे पर तिलक किया। इसके बाद कन्याओं को हलवा, पूरी खिलाया गया। दुर्गा नवमी पर शीशमझाड़ी स्थित मां कात्यायनी मंदिर, मायाकुंड स्थित तारा माता मंदिर, ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट स्थित दुर्गा मंदिर, चंद्रेश्वर चौक स्थित दुर्गा मंदिर, दून मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर सहित तमाम मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ दिखी। यहां मां दुर्गा के नवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना हुई। तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि नवमी पर पूजन के बाद व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने अपना व्रत खोला। दुर्गानवमी पर श्रद्धालुओं ने गंगा में किया स्नान नवरात्र की नवमी पर ऋषिकेश के गंगा घाटों में बुधवार तड़के गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

## सीएम धामी के नेतृत्व में फिर सत्ता में आएगी भाजपा: चौहान

उत्तरकाशी। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार बुधवार को उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ पहुंचे मनवीर चौहान का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते चौहान ने कहा कि 2027 के विधान सभा चुनाव में भाजपा सीएम धामी के नेतृत्व में सभी 70 विधानसभाओं में अपना परचम लहराएगी। बुधवार को भाजपा के मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान जनपद भ्रमण पर चिन्यालीसौड़ पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। यहां एकत्रित हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि उत्तराखंड की सियासत इन दिनों एक नए मोड़ पर है। स्वागत कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं ने यमुनोत्री विधानसभा से मनवीर सिंह चौहान को पार्टी प्रत्याशी बनाने की मांग करते हुए उन्हें अपना समर्थन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि मनवीर चौहान को पार्टी टिकट देती हैं तो वे पार्टी को जीत का विश्वास दिलाते हैं।

# भजन प्रतियोगिता में कीर्तन मंडली घंडियाल ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** आदिशक्ति मां भुवनेश्वरी मंदिर विकास मिशन सांगुडा बिलखेत पौड़ी गढ़वाल के द्वारा नवरात्रों के दौरान कीर्तन मंडलियों की भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कीर्तन मंडली घंडियाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की विजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

मां भुवनेश्वरी मंदिर मिशन सांगुडा अध्यक्ष मदन सिंह रावत ने बताया कि भजन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कीर्तन मंडली घंडियाल, द्वितीय पुरस्कार मधु गंगा कीर्तन मंडली सतपुली, तृतीय पुरस्कार रिद्धि सिद्धि कीर्तन मंडली सतपुली ने जीता। बताया कि बुधवार को दुर्गा नवमी पर प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये की नगद धनराशि प्रतियोगिता की विजेता टीमों को दी गई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सचिव सोम दत्त नैथानी, आलोक नैथानी, सुतीक्ष्ण नैथानी, मुख्य पुजारी नागेंद्र कुमार शैलवाल, नितिन कैंथोला, क्षेत्र पंचायत सदस्य घंडियाल श्रीमती अंजू रावत, ग्राम पंचायत प्रधान सिरों मीना धस्माना आदि मौजूद थे।






**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 01.10.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / III / मुरादाबाद द्वारा ई टैण्डर निम्न टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 193-DRM-MB-25-26 DATE 01.10.2025 | 200-DRM-MB-25-26 DATE 01.10.2025 | 201-DRM-MB-25-26 DATE 01.10.2025 | 202-DRM-MB-25-26 DATE 01.10.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Upgradation/Modernisation of Infrastructure at Rampur Goods Shed. | Annual Repair of Bridge in the Section of SSE/W /RAC under ADEN/SPN | Annual Repair of Bridges in the Section of SSE/W/ SPN under ADEN/SPN | Misc. P.Way works in C/W track maintenance in the section of SSE/ P.way/ RAC under ADEN/SPN. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 5,77,90,139.93 | 84,84,277.49 | 84,96,773.41 | 89,84,705.00 |
| धरोहर राशि | 4,38,000.00 | 1,89,700.00 | 1,68,900.00 | 1,79,700.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 Months | 12 Months | 12 Months | 12 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3037/25

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 01.10.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / III / मुरादाबाद द्वारा ई टैण्डर निम्न टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 187-DRM-MB-25-26 DATE 23.09.2025 | 188-DRM-MB-25-26 DATE 23.09.2025 | 189-DRM-MB-25-26 DATE 23.09.2025 | 190-DRM-MB-25-26 DATE 23.09.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair of Kitchen and toilets of staff quarters at RAC in the Section of SSE/ W/RAC under ADEN/SPN | Heavy repair of corroded pipeline and providing water storage tanks at Shahjahanpur Railway Colony in the section of SSE/W/SPN under ADEN/SPN | Heavy repair to leaky roof in staff quarters in the section of SSE/W/ RAC under ADEN /SPN | Heavy repair of RCC roof over toilet & Bathroom in replacement of AC sheet roofing in staff quarter at RAC in the of SSE/W/ RAC under ADEN/SPN |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 84,90,418.49 | 69,96,558.34 | 69,87,479.23 | 79,96,901.25 |
| धरोहर राशि | 1,69,900.00 | 1,39,900.00 | 1,39,800.00 | 1,59,900.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 06 Months | 06 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3042/25

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीन दून क्लीन दून को दौड़ेगा युवा

देहरादून। प्रकृति की हरियाली और स्वच्छता का संदेश समेटे हुए प्रिंसिपल्स प्रोग्रेसिव स्कूल्स एसोसिएशन की ओर से द पेस्टल वीड स्कूल में 2 अक्टूबर दौड़ एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

सुबह 7:30 बजे विद्यालय परिसर से आरम्भ होगा। स्कूल के अध्यक्ष और पीपीएसए के अध्यक्ष डॉ प्रेम कश्यप ने बताया कि छह वर्गों में विभाजित इस दौड़ में कक्षा 2 से 12 तक के विद्यार्थी अपनी ऊर्जा और जोश से संदेश देंगे कि स्वच्छता और हरियाली ही जीवन का आधार है। इसमें ग्रुप अ (कक्षा 10–12, लड़के): 10 किमी – मसूरी डायवर्जन रोड, राजपुर रोड, ओल्ड राजपुर होते हुए वापसी। ग्रुप इ (कक्षा 10–12, लड़कियाँ): 3 किमी – राम तीर्थ आश्रम से कुठाल गेट होकर विद्यालय तक। ग्रुप उ (कक्षा 7–9, लड़के): 5 किमी – ओल्ड मसूरी रोड से कुठाल गेट होकर विद्यालय तक। ग्रुप ऊ(कक्षा 7–9, लड़कियाँ): 3 किमी – शिव मंदिर (कुठाल गेट) से विद्यालय तक। ग्रुप ए (कक्षा 4–6, सभी): 3 किमी – राम तीर्थ आश्रम से विद्यालय तक। ग्रुप ा (कक्षा 2–3, सभी): 2 किमी – कुठाल गेट से विद्यालय तक होगी।

### सरकार की नीति देश को खोखला कर रही है: इंकलाबी मजदूर केंद्र

देहरादून। इंकलाबी मजदूर केंद्र ने कहा कि सरकार की दमनकारी नीति देश को खोखला कर रही हैं। उथल पुथल की स्थिति बनी हुई है। महासचिव रोहित रोहेला ने कहा कि अपराध बढ़ रहा है। साम्राज्यवादी, पूंजीवादी ताकतें हावी हो रही है।

संगठन का सातवां केंद्रीय सम्मेलन 4–5 अक्टूबर को त्रिमूर्ति नगर में होगा। मजदूरों, किसानों की आवाज दबाई जा रही।

# 150 मास्टर ट्रेनर और केयर गिवर तैयार करने का लक्ष्य : धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वृद्धजनों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, नींबूवाला, देहरादून में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेरियाट्रिक केयर गिवर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। राज्य में इस वर्ष 150 मास्टर ट्रेनर और केयर गिवर तैयार करने का लक्ष्य है। कहा कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वृद्धजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस वर्ष 1,300 वरिष्ठ नागरिकों की मोतियाबिंद की निःशुल्क सर्जरी किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों को सम्मानित किया और वरिष्ठ नागरिक सम्मान संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम पर पौधा रोपण भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों की सेवा के लिए समर्पित निःशुल्क एंबुलेंस वैन और वृद्धिजनों की वाकथन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुजुर्गों के सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अटल वयोअभ्युदय योजना, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, राष्ट्रीय वयोश्री योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना सहित अनेक कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में लगभग 6 लाख बुजुर्गों को पेंशन की राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के जरिए उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वृद्धाश्रमों की व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। बागेश्वर, चमोली और उत्तरकाशी जनपदों में राजकीय वृद्धाश्रम संचालित हो रहे हैं, जबकि देहरादून, अल्मोड़ा और चंपावत में नए भवन निर्माणाधीन हैं। केंद्र सरकार के सहयोग से उधम सिंह नगर जनपद के रुद्रपुर में मॉडल वृद्धाश्रम का निर्माण किया जा रहा है।

रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी और पिथौरागढ़ में भी वृद्धाश्रमों की स्थापना के लिए प्रक्रिया गतिमान है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद रामचंद्र गौड़, उपाध्यक्ष श्रीमती शांति मेहरा, हरक सिंह नेगी, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव समाज कल्याण डॉ. श्रीधर बाबू अद्दांकी, निदेशक समाज कल्याण चंद्रसिंह धर्मशक्तू मौजूद थे।

# जीवन का दर्शन है योग: डा. विकास गैरोला

ऋषिकेश। हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय गढ़वाल विवि की ओर से बुधवार को ओंकारानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विवि से संबंद्ध विभिन्न कॉलेजों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के परिणाम दो दिन बाद घोषित किए जाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. विकास गैरोला ने किया। उन्होंने कहा कि योग केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि जीवन का दर्शन है।

विद्यार्थियों ने जिस अनुशासन और उत्साह के साथ ग्रुप और सिंगल आसनों में प्रदर्शन किया, वह प्रशंसनीय है। मुझे विश्वास है कि ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी विवि का नाम रोशन करेंगे। एचएनबी विवि के सहायक निदेशक डॉ. मोहित सिंह बिष्ट ने कहा कि योग को जीवन शैली के रूप में अपनाने से ही युवा आत्मबल, एकाग्रता और सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग प्रतियोगिता के लिए योग्य प्रतिभागियों का चयन करना रहा। प्रतियोगिता में बिरला कैंपस श्रीनगर, डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून एवं ओंकारानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ग्रुप और सिंगल योग आसनों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने कम्पल्सरी (अनिवार्य) और एडवांस आसनों को अत्यंत कुशलता और संतुलन के साथ प्रस्तुत किया। पुरुष वर्ग में चयनकर्ता के रूप में डॉ. विनोद नौटियाल तथा महिला वर्ग में डॉ. रजनी नौटियाल की निर्णायक भूमिका रही। मौके पर डॉ. संतोष डबराल, प्रमोद उनियाल, संस्थान के क्रीड़ा अध्यक्ष सनील रावत, दिनेश दीक्षित, सुजीत आदि उपस्थित रहे।

# होटल एवं ट्रेडर्स एसोसिएशन ने पुलिस कर्मियों को कैनओपी भेंट की

देहरादून। मसूरी होटल एसोसिएशन एवं मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन ने मसूरी देहरादन मार्ग पर आपदा राहत कार्यों में मसूरी देहरादन मार्ग पर तैनात पुलिस कर्मियों को यातायात संचालन करने, धूप व बारिश से बचने के लिए कैनओपी भेंट की। कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में मसूरी होटल एसोसिएशन एवं मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन ने कोतवाल संतोष कुंवर को चार कैनओपी भेंट की। उत्तराखंड होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप साहनी ने कहा कि आपदा के बाद मसूरी देहरादून रोड कई स्थानों पर खराब है जहां पर यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। ऐसे में उनके लिए कैनओपी दी गयी ताकि वे बारिश, धूप में कैनओपी का प्रयोग कर सके व यातायात संचालित कर सके। उन्हांने कहा कि मसूरी उत्तराखंड का ड्राइंग रूम है इसका ध्यान रखना किसी भी सरकार का है। आपदा आयी इससे सभी प्रभावित हुए जो भी पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हैं, इससे मसूरी की छवि भी प्रभावित होती है व सभी को नुकसान होने के साथ ही सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि इस समय सबसे अधिक प्राथमिकता किमाड़ी मार्ग को बनाने की भी है ताकि वैकल्पिक व्यवस्था बनी रहे। मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि मसूरी देहरादन रोड पर कई जगह बरसात से हुए नुकसान पर वाहनों को आने जाने में परेशानी हो रही है जिस पर मंत्री गणेश जोशी के प्रसासों से पुलिस बल स्थान स्थान पर तैनात किया गया है।

## यमुनाघाटी में चार स्टोन क्रशर किए सीज

उत्तरकाशी। यमुनाघाटी क्षेत्र में खनन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई में पांच में से चार स्टोन क्रशर सीज कर दिए गए। इस कार्रवाई की खबर से क्रेशर मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजोरी (बर्निगाड़), जट्टा (नौगांव), पौटी पुल और टटाउ (बड़कोट) क्षेत्र में चल रहे स्टोन क्रेशरों पर छापामारी की गई। जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन व क्षमता से अधिक या कम रोड़ी–बजरी का माप मिलने पर विभागीय टीम ने उन्हें सीज कर दिया। इस संबंध में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी ने बताया कि नियम विरुद्ध संचालन पाए जाने पर चार क्रेशरों को सीज करने की कार्रवाई की गई है। जबकि खरादी के पास रवांडा स्टोन क्रेशर पर माप लगभग सही पाया गया। कार्यवाही के दौरान जिला खनन अधिकारी भी मौजूद रहे।

# रुद्रपुर कोतवाली में छात्रसंघ अध्यक्ष समेत छात्रों का धरना

रुद्रपुर। रुद्रपुर कोतवाली में मंगलवार देर रात उस समय हंगामा हो गया, जब छात्रसंघ चुनाव में फायरिंग के मामले में पुलिस पूछताछ के लिए छात्रनेता के पिता और पत्नी को कोतवाली लेकर पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने छात्रनेता की गर्भवती पत्नी के साथ अभद्रता की। रात तीन बजे से धरने पर बैठे छात्रसंघ अध्यक्ष समेत छात्रों को हटाने पर पुलिस और छात्रों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। करीब नौ घंटे तक छात्रों का धरना–प्रदर्शन चलता रहा। इसके बाद पुलिस की ओर से निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया। एसबीएस डिग्री कॉलेज के छात्रसंघ चुनाव में फायरिंग प्रकरण को लेकर मंगलवार देर रात पुलिस कार्रवाई ने विवाद खड़ा कर दिया। आरोप है कि कोतवाली पुलिस पूर्व छात्रसंघ सचिव के घर दबिश देने पहुंची, जहां छात्रनेता घर पर मौजूद नहीं थे। इस दौरान पुलिस उनकी गर्भवती पत्नी और पिता को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। आरोप है कि पुलिस ने छात्रनेता की पत्नी के साथ अभद्रता की। जैसे ही मामले की जानकारी नवनिर्वाचित छात्रसंघ अध्यक्ष रजत बिष्ट और अन्य पदाधिकारियों को मिली, वे दर्जनों छात्रों के साथ कोतवाली स्थित सीओ कार्यालय पहुंचे और गेट पर धरना–प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसी दौरान मौके पर पहुंचे कोतवाल मनोज रतूड़ी पर छात्रों ने धक्का देकर अभद्रता करने का आरोप लगाया। छात्र नेताओं ने दावा किया कि फायरिंग की घटना में सुमित गंगवार का कोई हाथ नहीं था और घटना के समय वह मौके पर मौजूद भी नहीं थे। बावजूद इसके पुलिस ने संदेह के आधार पर देर रात दबिश दी और गर्भवती महिला तक को नहीं छोड़ा। इस कार्रवाई से आक्रोशित छात्रों ने देर रात तीन बजे से धरना शुरू कर दिया, जो करीब नौ घंटे तक चला। हंगामे के बीच पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद निष्पक्ष जांच के आश्वासन पर छात्रों ने धरना समाप्त किया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि फायरिंग प्रकरण में पूछताछ के लिए छात्रनेता को बुलाया गया था। घर पर मौजूद नहीं होने पर पूछताछ के लिए पिता और पत्नी को कोतवाली लेकर आए थे। इतने में छात्रों ने हंगामा कर दिया। महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिजनों से छात्रनेता को कोतवाली में पेश करने के लिए कहा गया है।



# 200 स्वयंसेवकों ने जगाया सेवा और राष्ट्रभक्ति का जज्बा

ऋषिकेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर बुधवार को स्वयंसेवकों ने डोईवाला नगर में पथ संचलन किया। पथ संचलन में दो सौ से अधिक स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।

नगर में ढोल–बाजे और आरएसएस के गणवेश के साथ स्वयंसेवकों ने रैली भी निकाली। आरएसएस का पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर थानो से शुरू होकर माता बाला सुंदरी मंदिर, होमगार्ड निदेशालय होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुआ। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने नगर की सड़कों पर कदमताल करते हुए सेवा, स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। नागरिकों ने स्वयंसेवकों के अनुशासन और उत्साह की गर्मजोशी से सराहना की। ऋषिकेश जिला संघ चालक राजेंद्र बडोनी ने कहा कि यह केवल पथ संचलन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव और राष्ट्रभक्ति की भावना फैलाने का एक अनमोल अवसर है। 100 वर्षों की उपलब्धियों को याद करते हुए हम आगे भी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा कार्यों में जुटे रहेंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवकों ने भविष्य में ऐसे आयोजनों को और व्यापक बनाने का संकल्प लिया गया।




## राइस मिलर चार से खरीदना शुरू करेंगे किसानों का धान

रुद्रपुर। धान क्रय केंद्रों को लेकर किसानों, राइस मिल स्वामियों और मंडी प्रशासन की बैठक बुधवार को मंडी परिसर स्थित किसान सभागार में हुई। इसमें तय हुआ कि राइस मिलर 4 अक्तूबर से किसानों का धान खरीदना शुरू करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक में किसानों ने धान खरीद में नमी कम आंकने और समय पर तौल न होने जैसी समस्याओं की शिकायत उठाई। मंडी समिति अधिकारी और राइस मिलरों ने इन मुद्दों पर चर्चा की और 4 अक्तूबर से खरीद प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति बनी। सरकार द्वारा 1 अक्तूबर से धान क्रय केंद्र खोलने की योजना के तहत 1 और 2 अक्तूबर को छुट्टी होने के कारण पोर्टल 3 अक्तूबर को खुलेगा और 4 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से धान खरीद शुरू होगी।

बैठक में अवतार सिंह, लखविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह महल, बलदेव सिंह, हरगोविंद सिंह सिंदू, मनजिंदर सिंह, मनमोहन सिंह सोहेल, अनिल बत्रा और ईश्वर बंसल मौजूद रहे।

## विधायक ने दो गांवों में 21 लाख रुपये से विकास कार्य कराये

काशीपुर। विधायक ने 21 लाख रुपये की विधायक निधि से दो गांवों में दो सीसी टाइल्स रोड का निर्माण कराया। बुधवार को ग्राम राजपुर में विधायक आदेश चौहान ने ग्राम प्रधान इल्मा परवीन से सीसी टाइल्स रोड का लोकार्पण कराया। जबकि रामनगर वन की धर्मशाला परिसर में लगी सीसी टाइल्स रोड का राजेंद्र बिट्टू ने लोकार्पण किया। विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। यहां गजेंद्र चौहान, शमीम अहमद, निरंजन सिंह, सुशील चौहान, मुजफ्फर चौधरी, मोहम्मद नबी, सर्वेश चौहान, राहुल रहे।

# पूर्व सैनिक राजेश सेमवाल को मिला नेशनल आवार्ड

उत्तरकाशी। यमुना घाटी के गरीब व होनहार युवक–युवतियों को सैना में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के लिए तैयार करने वाले पूर्व सैनिक राजेश सेमवाल व उनके पुरोला में स्थित वन्देमातरम् ट्रेनिंग सेंटर के योगदान को नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के हाथो से मिला है। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त की है। नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में राजेश सेमवाल समेत 12 अन्य हस्तियों को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सम्मानित किया। पूर्व सैनिक राजेश सेवानिवृत्त होने के बाद से गत 12 वर्षो से देश सेवा को सैना में जानें के इच्छुक रवांई घाटी के गरीब परिवारों के होनहार युवक, युवतियों को लिखित व शारीरिक प्रशिक्षण के लिए ट्रेनिंग व एजुकेशन सेंटर चला रहे हैं। राजेश सेमवाल को पूर्व में भी उनके समाजिक कायी के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री व आर्मी जनरल व महिला आयोग के माध्यम से उनके वंदे मातरम ट्रेनिंग सेंटर संस्थापक के लिए सम्मानित किया जा चुका है। राजेश को गढ़वाल राईफल रेजीमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर राजेश सेमवाल को नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष बिहारी लाल शाह, चंद्रभूषण विजल्वाण,सत्येंद्र राणा,पवन नौडियाल, गोविंद पंवार,राजपाल पंवार,नवीन गैरोला,अंकित पंवार बृजमोहन चौहान,रामचंद्र सिंह पंवार ने ख़ुशी जताई है व उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

## दून—चर्लपल्ली के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन नवंबर तक चलेगी

देहरादून। देहरादून—चर्लपल्ली हैदराबाद के बीच चल रही साप्ताहिक विशेष ट्रेन 27 नवंबर तक चलेगी। त्योहारी सीजन को देखते हुए रेलवे ने इसके संचालन की समयावधि बढ़ा दी है। ट्रेन के चलने से यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे की ओर से त्योहारी सीजन को देखते विशेष ट्रेनें चलाई जा रही है। देहरादून से चर्लपल्ली के लिए समर सीजन से विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, त्योहारी सीजन को देखते हुए इसके संचालन की तिथियां 27 नवंबर तक बढ़ा दी है। देहरादून से अक्तूबर में यह ट्रेन 2, 9, 16, 23, 30 अक्तूबर को चर्लपल्ली के लिए रवाना होगी। जबकि चर्लपल्ली से देहरादून 7, 14, 21 और 28 अक्तूबर को आएगी। नवंबर महीने में देहरादून से चर्लपल्ली के लिए 6, 13, 20, 27 नवंबर को चलेगी। जबकि चर्लपल्ली से देहरादून 4, 11, 18 और 25 नवंबर को आएगी। ट्रेन देहरादून से हरिद्वार, रुड़की, हजरत निजामुद्दीन जंक्शन, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागज नगर, बेलमपल्ली, मैनचेरियल, रामागुंदम और कजीपेट स्टेशन में ठहराव लेते हुए चर्लपल्ली जाती है, त्योहारी सीजन में ट्रेन के संचालन से यात्रियों को राहत मिलेगी।

# दुग्ध उत्पादकों के लिए दूध खरीद दरों में दो रुपये की वृद्धि

रुद्रपुर। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देश पर डेयरी विकास विभाग के तहत ऊधमसिंह नगर दुग्ध संघ, खटीमा ने दुग्ध उत्पादकों को दीपावली पर तोहफा दिया है। संघ ने दूध क्रय दरों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। नई दरें एक अक्तूबर से लागू हो गई हैं। अब किसानों से दूध 46 रुपये की जगह 48 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से खरीदा जाएगा। दुग्ध संघ की अध्यक्ष प्रभा रावत ने बताया कि कैबिनेट मंत्री बहुगुणा द्वारा दुग्ध उत्पादकों के हित में दरें बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इससे जनपद के 27,265 दुग्ध उत्पादक सदस्य लाभान्वित होंगे। प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता ने जानकारी दी कि वर्तमान में संघ प्रतिदिन लगभग 35,000 लीटर दूध की खरीद और बिक्री कर रहा है। दूध विक्रय दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है, लेकिन उत्पादकों को लगभग 20 लाख रुपये प्रतिमाह का अतिरिक्त लाभ होगा। दीपावली के अवसर पर अप्रैल से अगस्त माह तक की प्रोत्साहन राशि लगभग 270 लाख रुपये उत्पादकों के खाते में ट्रांसफर की जा रही है। इसके अलावा दुग्ध समितियों का बोनस भी वितरित किया जा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, एटीएम, स्टाफ कैंटीन, कीओस्क, मेडिकल आउटलेट, स्लीपिंग पॉड्स एवं रेल कोच रेस्टोरेंट के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 17.10.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद
3054/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

सूचना सं. 17/2025 दिनांक : 30.09.2025

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20/वरिष्ठ मं.वि.अभि./मा./मुरा./2025- बिजनौर माल शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य, मुरादाबाद गुड्स शेड में ग्राहक सुविधाओं के लिए विद्युत कार्य, रामपुर गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य, [illegible] स्टेशन पर नए माल शेड में बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य, दबतारा स्टेशन पर नए माल शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य। | 16313839.76 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 231600.00 | 12 (बारह) माह | निविदायें दिनांक 22.10.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:30 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद। |
| 2 | 21/वरिष्ठ मं.वि.अभि./मा./मुरा./2025- चंदौसी स्टेशन की लाइन संख्या 10 पर नई माल हैंडलिंग सुविधाओं के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य और [illegible] में नए रेलवे गुड्स शेड की स्थापना के लिए विद्युत कार्य। | 2867335.03 (जीएसटी सहित) | | 57400.00 | 6 (छः) माह | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3024/25


## काशीपुर में आयुष्मान मंदिर का मुख्यमंत्री धामी ने किया वर्चुअल उदघाटन

काशीपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में नगर निगम के वार्ड 12 मधुबन नगर में आयुष्मान मंदिर का वर्चुअल उद्घाटन किया। वहीं निगम क्षेत्र में चार और स्थानों पर शीघ्र ही आयुष्मान मंदिर खोले जाएंगे।

बुधवार को कार्यक्रम में शामिल मेयर दीपक बाली ने कहा कि आज का दिन काशीपुर नगर निगम और यहां के नागरिकों के लिए ऐतिहासिक है। इस केंद्र का उद्देश्य क्षेत्र की जनता को अपने ही मोहल्ले और बस्तियों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अब सामान्य बीमारियों या छोटी जांचों के लिए बड़े अस्पतालों की भाग–दौड़ करने की ज़रूरत नहीं होगी। इससे बड़े अस्पतालों पर भीड़ कम होगी और गंभीर मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। कहा कि हर केंद्र कम आय वाले और झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लगभग 15 से 20 हज़ार लोगों को कवर करेगा। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि यह केंद्र तभी सफल होगा जब सभी नागरिक इसका लाभ उठाएंगे। कहा आज यह पहला कदम है। जल्द ही काशीपुर में कुल 5 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनेंगे। यहां नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त कमल मेहता, विनोद लाल, नगर निगम कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, सांसद प्रतिनिधि एवं पार्षद विजय बॉबी, पार्षद अब्दुल कादिर, पुष्कर सिंह बिष्ट, प्रिंस बाली, अशोक सैनी, प्रकाश नेगी, चौधरी समरपाल सिंह, मुकेश चावला, डॉ. अशोक चौहान,डॉ. नावेद आदि मौजूद रहे।

## शहीद संजय बिष्ट के नाम पर होगा रातीघाट का हेलीपैड

नैनीताल। जिला स्तरीय शहीद सम्मान यात्रा के तहत बुधवार को रातीघाट से कैंची तक यात्रा निकाली गई। इस दौरान वीर बलिदानी सैनिक लांस नायक संजय सिंह बिष्ट (सेना मेडल) के जन्म स्थान रातीघाट से मिट्टी लेकर कलश में रखी गई। जिसे लैंसडाउन में सैन्य धाम बनाने के काम में लाया जाएगा। सैनिक कल्याण विभाग उत्तराखंड से आयोजित शहीद सम्मान यात्रा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल रमेश सिंह अधिकारी की देखरेख में हुई। मिट्टी की पूजा अर्चना के बाद शहीद के परिवारजनों ने मिट्टी को कलश में रखा। स्कूली बच्चों, पूर्व सैनिकों और लोगों शहीद बिष्ट के माता–पिता, भाई और परिवार के सदस्यों का सम्मान किया। देश की रक्षा करते हुए 23 नवंबर 2023 को ऑपरेशन रक्षक के दौरान संजय बिष्ट ने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया गया था। विधायक सरिता आर्य ने कहा कि सरकार की ओर से बलिदानी संजय बिष्ट के नाम से रातीघाट के हेलीपैड का नाम भी रखा जाएगा।


**जयन्त**

संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com